वितरक की आचार संहिता

Parker

ENGINEERING YOUR SUCCESS.

परिचय

Parker Hannifin वितरक आचार संहिता (संहिता) Parker के वितरकों के लिए कानूनों के अनुपालन और स्वीकार्य व्यावसायिक व्यवहार के संबंध में न्यूनतम आवश्यकताएं और अपेक्षाएं निर्धारित करती है. इस संहिता में बताई गईं आवश्यकताएं और अपेक्षाएं Parker के सभी वितरकों पर लागू होती हैं, चाहे वितरक किसी भी स्थान पर हो या कार्य करता हो. वितरक, स्थानीय कानूनों, निर्देशों और विनियमों का अनुपालन भी करेगा. वितरकों को ऐसी नीतियां, मानक, प्रक्रियाएं या संहिताएं प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो इन आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से अधिक सख्त हैं.

Parker में हम यह समझते हैं कि हमारी सफलता केवल गुणवत्तापूर्ण उत्पादों पर ही आधारित नहीं है बल्कि ग्राहक के उत्कृष्ट अनुभव, व्यावसायिक सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण पर भी आधारित है. इन सिद्धांतों की अपेक्षा हमारे कर्मचारियों से ही नहीं बल्कि हमारे वितरकों से भी की जाती है.

यह जानकारी प्राप्त होने पर, कि कोई वितरक इस संहिता का पालन करने में विफल रहा है, Parker वितरक के प्रबंधन को सूचना देगा और सभी उपाय या सुधारात्मक कार्रवाइयां करेगा. संहिता के गैर-अनुपालन को Parker के प्रति वितरक के दायित्वों का महत्वपूर्ण उल्लंघन माना जाएगा और इसके परिणामस्वरूप ऐसे उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें Parker के साथ व्यावसायिक संबंध समाप्त करना शामिल हैं.

संहिता, वितरक के साथ किए गए किसी भी अनुबंध के तहत Parker को प्राप्त किसी भी अधिकार की पूर्ति करती है, उसका स्थान नहीं लेती. इस संहिता के वितरक के अनुपालन का परीक्षण या अनुपालन करने का अधिकार Parker के पास सुरक्षित है.

विषयसूची

आर्थिक पक्ष

रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार 4
उचित प्रतिस्पर्धा 4
धोखाधड़ी 5
उपहार, यात्रा या मनोरंजन देना या प्राप्त करना 5
हवाला कारोबार (मनी लॉन्डरिंग)/आपराधिक गतिविधि का वित्तपोषण 6
बौद्धिक संपदा और गोपनीयता 6
भेदिया कारोबार 6
डेटा गोपनीयता 7
कारोबार संबंधी कानून 7

मानव और पर्यावरणीय पक्ष

मानव अधिकार 8
सुरक्षा 9
पर्यावरण संबंधी मानक 9

आर्थिक पक्ष

Parker का व्यावसायिक दृष्टिकोण यह है कि हम केवल अपने उत्पादों, सेवाओं और लोगों के गुणों तथा सत्यनिष्ठा के आधार पर ही व्यवसाय हासिल करेंगे. हम किसी भी गैर-कानूनी या भ्रष्ट व्यावसायिक अभ्यास को स्वीकार नहीं करते या उसका अनुमोदन नहीं करते और हम अपने वितरकों से भी यही अपेक्षा करते हैं.

1. रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

वितरक ऐसी किसी भी मूल्यवान वस्तु का प्रस्ताव नहीं देंगे, प्रदान नहीं करेंगे, वचन नहीं देंगे या स्वीकार नहीं करेंगे जिसे अनुचित व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के भुगतान के रूप में माना जा सकता है. सुविधा भुगतान (उदाहरण के लिए नियमित, गैर-विविकाधीन सरकारी कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिए किए गए नाममात्र के भुगतान) भी प्रतिबंधित हैं.

वितरकों को U.S. विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम, U.S. घूसखोरी-रोधी कानून और UK रिश्वत कानून (UK Bribery Act), तथा साथ ही रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों का उन सभी देशों में अनुपालन करेंगे, जिनमें वे व्यवसाय करते हैं.

2. उचित प्रतिस्पर्धा

Parker स्वतंत्र और खुली प्रतिस्पर्धा में विश्वास करता है और हम उन सभी देशों में विश्वास-रोधी और प्रतियोगिता कानूनों का अनुपालन करते हैं, जिनमें हम व्यवसाय करते हैं. वितरक Parker के उत्पादों या सेवाओं का गलत प्रदर्शन नहीं करेंगे, बेईमानी से कार्य नहीं करेंगे या किसी भी अनुचित या प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रक्रिया में संलग्न नहीं होंगे. वितरकों को यहां तक कि अनुचित व्यवहार का आभास उत्पन्न करने से भी बचना चाहिए.

वितरकों के लिए सभी लागू विश्वास-रोधी और प्रतिस्पर्धी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करना आवश्यक है. सशक्त और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धी प्रक्रियाओं में ये शामिल हैं:

- प्रतिस्पर्धियों से स्वतंत्र बोली लगाना;
- प्रतिस्पर्धियों के साथ बोली प्रक्रियाओं की चर्चा नहीं करना;
- ऐसे अनुबंधों, समन्वित प्रक्रियाओं या समझौतों में शामिल नहीं होना जिससे प्रतिस्पर्धा सीमित हो;
- प्रतिस्पर्धियों के साथ संवेदनशील जानकारी का आदान-प्रदान न करना (मूल्य-निर्धारण, उत्पादन डेटा, मार्केट डेटा, विक्रय क्षेत्र, वितरण चैनल, ग्राहक सूची या अन्य गैर-सार्वजनिक जानकारी सहित); और
- केवल नैतिक और कानूनी साधनों का उपयोग करके प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी एकत्र करना.

3. धोखाधड़ी

Parker ऐसी किसी भी कार्रवाई को सहन नहीं करेगा जिसमें Parker या ग्राहक की किसी भी संपत्ति की चोरी, धोखाधड़ी, गलत प्रस्तुतिकरण, गबन, या दुरुपयोग शामिल हो. ये कपटपूर्ण कार्रवाइयां Parker के मूल्यों और संस्कृति के साथ असंगत हैं. वितिरक ऐसे किसी भी गलत आचरण मे शामिल नहीं होंगे, जिसमें परिसीमन रहित रूप से निम्न शामिल हैं:

- निधियों या संपत्ति की चोरी;
- निजी प्रयोजनों के लिए संसाधनों का दुरुपयोग करना;
- गलत दावे बनाना या सबमिट करना;
- फर्जी इनवॉइस बनाना या धोखाधड़ीपूर्ण रिपोर्ट या दस्तावेज़ बनाना;
- लेनदेनों की प्रकृति को गलत रूप से प्रस्तुत करना; और
- जानबूझकर गलत वित्तीय रिकॉर्ड या विवरण फ़ाइल करना.

4. उपहार, यात्रा या मनोरंजन देना या प्राप्त करना

उपहार, यात्रा या मनोरंजन प्रदान करना कुछ परिस्थितियों में उपयुक्त हो सकता है लेकिन इससे दुरुपयोग का आभास उत्पन्न हो सकता है और/या कानून का उल्लंघन हो सकता है. Parker वितिरकों को किसी अनुचित व्यावसायिक लाभ के बदले या किसी निर्णय कार्रवाई को अनुचित रूप से प्रभावित करने के लिए कभी भी मूल्यवान वस्तु ऑफ़र नहीं करनी चाहिए, देनी नहीं चाहिए, अनुरोध या प्राप्त नहीं करनी चाहिए.

वितिरक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी उपहार, यात्रा और मनोरंजन इस संहिता के तहत और सभी लागू कानूनों के तहत अनुमतियोग्य हों और यह कि वे सभी नाममात्र के और यदा-कदा होने वाले, तार्किक, उचित हों, रिकॉर्ड किए जाएं और वैध उद्देश्य के लिए हों. ऐसे उपहार, यात्रा और मनोरंजन जिनसे अनुपयुक्तता का आभास होता है या जो गैरकानूनी, अत्यधिक मूल्य के, बार-बार दिए जाने वाले, अश्लील और/या किसी अनुचित व्यावसायिक लाभ के बदले दिए जाते हैं, बिल्कुल प्रतिबंधित हैं.

5. हवाला कारोबार (मनी लॉन्डरिंग)/आपराधिक गतिविधि का वित्तपोषण

वितरक हवाला कारोबार (मनी लॉन्डरिंग)/आतंकवाद सहित आपराधिक गतिविधि के वित्तपोषण से बचेंगे. वितरक, इन उद्देश्यों के लिए व्यावसायिक संसाधनों के असावधानीपूर्ण उपयोग को रोकने के लिए कदम उठाएंगे और लेनदेनों में असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सजग रहेंगे. इनमें, नकद में या असामान्य वित्तीय संसाधनों से भुगतानों का प्रयास करना, ऐसी व्यवस्थाएं जिनमें उन देशों या इकाइयों को या उनसे निधियों का अंतरण शामिल हों, जो लेनदेन या ग्राहक से संबंधित नहीं हों, ऐसे असामान्य रूप से जटिल सौदे जिनसे वास्तविक व्यावसायिक उद्देश्य प्रदर्शित नहीं होता है, या रिकॉर्डकीपिंग या रिपोर्टिंग आवश्यकताओं से बचने के प्रयास शामिल हो सकते हैं.

वितरक, लागू एंटी-मनी लॉन्डरिंग और आतंकवाद रोधी कानूनों का अनुपालन करेंगे.

6. बौद्धिक संपदा और गोपनीयता

वितरक Parker बौद्धिक संपदा और मालिकाना जानकारी को बनाए रखेंगे, उसे किसी भी तृतीय पक्ष को Parker की सहमति के बिना प्रकट नहीं करेंगे और उसका उपयोग केवल Parker के निर्देशों के अनुसार ही करेंगे. इसके अतिरिक्त, वितरक Parker और ग्राहकों से Parker के उत्पादों का उपयोग करने के संबंध में प्राप्त जानकारी की सुरक्षा करेंगे, ऐसी जानकारी के साथ कम से कम उसी स्तर की गोपनीयता के साथ व्यवहार करेंगे जैसे वितरक स्वयं की मालिकाना जानकारी के लिए करते हैं. इसके अलावा, वितरक तृतीय-पक्षों से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकारों और गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखेंगे और अन्य व्यक्तियों के बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन से बचने के लिए उपयुक्त कार्रवाई करेंगे.

7. भेदिया कारोबार

वितरकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि Parker के साथ या सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाले तृतीय-पक्षों के साथ उसके व्यावसायिक संबंधों के दौरान उसे प्राप्त गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग किसी अनुचित उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाए. वितरकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारी और संबंधित पक्ष भेदिया कारोबार के आधार पर शेयरों में कारोबार न करें, आंतरिक जानकारी को कभी भी प्रकट न करें या किसी भी व्यक्ति को आंतरिक जानकारी के आधार पर शेयरों में कारोबार करने के लिए प्रोत्साहित न करे.

8. डेटा गोपनीयता

वतिरक Parker के ग्राहकों, आपूर्तकिर्ताओं और कर्मचारियों की नजिी जानकारी को गोपनीय और सुरक्षति बनाए रखेंगे. इसके अतरिक्ति, वतिरक, व्यक्तगित जानकारी के स्थानांतरण, संसाधन और अवधारण के लागू कानूनों और वनियिमों का अनुपालन करेंगे. व्यक्तगित जानकारी की पहुँच केवल उन्हीं कर्मचारियों तक सीमति की जानी चाहिए जन्हिें वतिरक द्वारा उस जानकारी को जानने की आवश्यकता के लिए वैध व्यावसायकि या कानूनी कारणों से नर्दिष्टि कयिा है.

9. कारोबार संबंधी कानून

वतिरकों के लिए U.S. और अन्य देशों के लागू कानूनों सहति ऐसे सभी लागू कानूनों का अनुपालन करना आवश्यक है, जो Parker के सामान, सेवाओं, सॉफ़्टवेयर और तकनीक के आयात, नर्यात और पुनर्नर्यात का नयिंत्रण करते हैं. इन कानूनों में परसीमन रहति रूप से ये शामलि हैं: कारोबारी प्रतरिोध; आर्थकि प्रतबिंध; नर्यात नयिंत्रण वनियिम; U.S. बहष्किार-रोधी वनियिम; और कार्गो सुरक्षा आवश्यकताएं. वतिरकों को नयिंत्रति Parker उत्पादों के लिए, आवश्यकतानुसार नर्यात संबंधी पूर्व प्राधकिार प्राप्त करना आवश्यक है और उन्हें कसिी भी प्रतबिंधति या प्रतरिोधति देश में (वर्तमान में क्यूबा, ईरान, उत्तरी कोरयिा, सूडान का डारफुर क्षेत्र और सीरयिा सहति) देशों के साथ या, U.S., U.K., E.U. या अन्य लागू नर्यात वनियिमों के तहत कसिी भी अस्वीकृत या प्रतबिंधति पक्ष के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यावसायकि सौदों के संबंध में Parker के उत्पादों का उपयोग, बनाए रखना, स्थानांतरति, शपि या पुनर्नर्यात नहीं करना चाहिए.

मानव और पर्यावरणीय पक्ष

सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक के रूप में, Parker वैश्विक रूप से और उन समुदायों के प्रति सार्थक और सकारात्मक योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें हम व्यवसाय करते है. मानव अधिकारों को बढ़ावा देना और पर्यावरण की सुरक्षा करना Parker की महत्वपूर्ण परंपरा है और हम अपेक्षा करते हैं, कि हमारे वितरक भी यही प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें.
निम्न आइटम, Parker की न्यूनतम अपेक्षाओं को प्रदर्शित करते हैं, लेकिन Parker अपने वितरकों को प्रोत्साहित करता है कि वे न्यूनतम आवश्यकताओं से बढ़ कर कार्य करें.

10. मानव अधिकार

Parker सभी मानवाधिकारों का सम्मान करता है और उसने मानवाधिकारों की सहायता के लिए 2015के UK आधुनिक दासत्व कानून सहित वैश्विक मानकों और सभी लागू कानूनों और विनियमों पर निर्मित एक प्रोग्राम स्थापित किया है. हम अपने वितरकों से इन मूल्यों को साझा करने की और न्यूनतम रूप से सभी ऐसे लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने की अपेक्षा करते हैं, जो विश्व भर में कामगारों के अधिकारों को बढ़ावा देते और उनकी सुरक्षा करते हैं.

Parker की अपेक्षा है कि सभी वितकरक कर्मचारियों के साथ सम्मान और गरिमामय व्यवहार किया जाए और वे गैरकानूनी पक्षपात और उत्पीड़न से मुक्त परिवेश में कार्य करें और बाध्यकारी और बलात्त श्रम, मानव तस्करी, बाल-श्रम, कार्य समय, मज़दूरी और अनुलाभों और स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के संबंध में सभी लागू कानूनों और विनियमों का पालन करें. वितरक सभी मामलों में यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके साथ रोज़गार स्वतंत्र पसंदगी की अभिव्यक्ति के रूप में हो और कोई भी बाध्यकारी, अनैच्छिक या बाल श्रम नहीं हो.

वितरक न्यूनतम रूप से अपने कर्मचारियों के नियमित कार्य समय को बनाए रखेंगे जो वैधानिक या सामूहिक रूप से स्वीकृत न्यूनतम भुगतान और उद्योग मानकों के संगत हो. वितरक न्यूनतम मज़दूरी, ओवरटाइम समय और प्रतिपूर्ति के अन्य तत्वों के संबंह में ऐसे भुगतान और अनुलाभ प्रदान करेंगे, जो स्थानीय कानूनों और विनियमों सहित सभी लागू स्थानीय कानूनों और विनियमों के अनुपालन में हों.

11. सुरक्षा

वितरक सभी लागू स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों के अनुरूप कार्य करेंगे. वितरक और कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा समस्याओं की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए जिम्मेदार हैं. वितरक, कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वच्छ कार्य परिवेश, उपयुक्त सुरक्षा उपकरण और संगत कार्यों का निष्पादन करने के लिए पर्याप्त सुरक्षात्मक उपकरण प्रदान करेंगे.

12. पर्यावरण संबंधी मानक

वितरक अपने व्यवसाय पर लागू और उससे संबंधित पर्यावरण संबंधी सभी कानूनों और विनियमों का अनुपालन करेंगे और अपने व्यवसाय के पर्यावरण संबंधी प्रभाव को न्यूनतम करने की दिशा में मेहनत से कार्य करेंगे. वितरकों से अपेक्षा की जाती है कि वे व्यावसायिक प्रक्रियाओं का निष्पादन इस प्रकार करें, जिससे पर्यावरण का संरक्षण और सुरक्षा हो, ऐसे समुदाय के लिए योगदान हो जिसमें वे संचालन करते हैं और उनकी पर्यावरणीय पहचान के संबंध में जिम्मेदारी और पारदर्शिता प्रदर्शित हो.

© 2017 Parker Hannifin Corporation

Parker Hannifin Corporation
परीक्षण, अनुपालन
और एंटरप्राइज़ जोखिम प्रबंधन
6035 Parkland Boulevard Cleveland, OH
44124-4141 USA
www.parker.com